किसानों की आय होगी दोगुनी, जानें क्या है किसान आत्मा योजना

कृषि कुंभ (सितंबर, 2023), खण्ड 03 भाग 04, पृष्ठ संख्या 77–78

# किसानों की आय होगी दोगुनी, जानें क्या है किसान आत्मा योजना

**सूरज अवस्थी[1], डॉ. सुनील कुमार[1], डॉ. आकांक्षा सिंह[1], सैयद फैसल किरमानी[1], डॉ. नीतीश पांडे[2] एवं मोहम्मद मुईद[3]**

[1]कृषि प्रसार, [2]मौसम विज्ञान, [3]सस्य विज्ञान, कृषि विभाग, इंटीग्रल विश्वविद्यालय, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, भारत।

**Email Id:** surajavasthi95@gmail.coms

## परिचय

कृषि प्रधान देश भारत में आज भी कई किसान खेती को पुराने ढंग से करते हैं। कुछ बड़े किसान ही आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग कर अच्छी फसल का उत्पादन कर रहे हैं, जिससे उनकी कमाई में भी इजाफा हुआ है। लेकिन किसानों का एक बहुत बड़ा वर्ग ऐसा है, जो आधुनिक कृषि से अब भी दूर है। पुराने ढंग से खेती कर रहे इन किसानों की आय इतनी कम होती है कि वे अपनी आजीविका भी नहीं चला पाते। ऐसे किसानों को आर्थिक मदद देने हेतु केंद्र व राज्य सरकार भिन्न–भिन्न योजनाओं का संचालन करती रहती है। सरकार की किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इसी कोशिश में सरकार द्वारा आत्मा योजना को शुरू किया गया है। आइए जानते हैं आत्मा योजना क्या, यह किसानों के लिए कितनी लाभकारी है।

## आत्मा योजना क्या है?

किसान आत्मा योजना का पूरा नाम Agriculture Technology Management है। वर्ष 2005–06 में इस योजना को शुरू किया गया था। केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई आत्मा योजना को खास ऐसे किसानों के लिए तैयार किया गया है जो आधुनिक खेती के लाभ से परिचित नहीं हैं। आत्मा योजना के अंतर्गत ऐसे किसानों को आधुनिक खेती हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा। इन किसानों को कृषि के आधुनिक यंत्रों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे उन्हें यह जानकारी मिलेगी कि आधुनिक खेती से फसल का अच्छा उत्पादन कैसे किया जा सकता है। अपनी तकनीक में बदलाव कर किसान आधुनिक तरीके से खेती कर ज्यादा आय अर्जित कर सकता है। समय–समय पर सरकार किसानों को प्रशिक्षण देगी।

इस योजना के तहत किसानों को आधुनिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाता है. इसके साथ ही उन्हें प्रशिक्षित भी किया जाता है. ताकि हमारे देश के किसानों की आय दोगुना किया जा सके. योजना के तहत किसानों को खेती बारी के बदलते तरीकों के बारे में बताया जाता है और उनसे खेती के उन उपायों को अपनाने के लिए कहा जाता है।

योजना के तहत किसानों को नयी तकनीकों की जानकारी और प्रशिक्षण दिया जाता है. आत्मा योजना का उद्देश्य छोटे किसानों को आत्मनिर्भर बनाना है. इसके तहत किसानों को जैविक खेती के बारे में नयी–नयी चीजें बतायी जाती हैं और उन्हें नये उपायों को अपनाने के लिए कहा जाता है.

## आत्मा योजना का उद्देश्य

इस योजना का उद्देश्य छोटे स्तर के किसानों को आत्मनिर्भर बनाना और उनकी आय को दोगुना करना है। आत्मा योजना की मदद से किसान और कृषि वैज्ञानिक एक दूसरे से

रूबरू होंगे। कृषि वैज्ञानिक किसानों को वैज्ञानिक ढंग से खेती करने का प्रशिक्षण देंगे। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार हमारे देश में प्रति क्षेत्रफल पैदावार बेहद कम है, वैज्ञानिक खेती को अपनाकर से कम खर्च में अच्छी पैदावार की जा सकती है। इसके लिए किसानों को तकनीक से जोड़ना जरूरी है। योजना का मुख्य उद्देश्य छोटे पैमाने पर खेती करने वाले किसानों को आत्मनिर्भर बनाना और उनकी आय को दोगुना करना है। 'आत्मा' योजना की मदद से किसान और कृषि वैज्ञानिक एक–दूसरे के आमने–सामने आते हैं। कृषि वैज्ञानिक किसानों को आधुनिक तरीके से खेती करने का प्रशिक्षण देते हैं। कृषि वैज्ञानिकों बताते हैं कि भारत में प्रति क्षेत्र उपज बहुत कम है। ऐसे में आधुनिक खेती अपनाकर कम खर्च में अच्छी उपज प्राप्त की जा सकती है। इसके लिए किसानों को तकनीक से जोड़ना जरूरी है। आत्मा योजना इसमें मदद करती है।

## किसान आत्मा योजना का लाभ

- आत्मा योजना की मदद से किसानों को समय–समय पर आधुनिक खेती का प्रशिक्षण दिया जाता है।
- योजना के माध्यम से कृषि प्रदर्शनी का आयोजन और किसानों को एक्सपोजर विजिट पर भी ले जाया जाता है।
- आधुनिक खेती को अपनाकर किसान फसलों की अच्छी पैदावार कर अपनी आय को दोगुना कर सकता है।
- वैज्ञानिक खेती से कम खर्च में किसान अच्छी पैदावार का सकता है।
- कृषि वैज्ञानिकों से किसान आधुनिक खेती की बारीकियों को समझ पाएंगे।
- किसानों को जैविक खेती से जुड़ी तकनीक बताई जाएगी।
- योजना के माध्यम से दलहन, तिलहन, बागवानी और अनाज की उत्पादकता को बढ़ाने हेतु किसानों को प्रशिक्षण दिया जाता है।
- सुगंधित पौधे, नारियल, काजू की खेती के बारे में भी जानकारी दी जाती है।
- यह योजना करीब 684 जिलों में लागू है।

किसानों के लिए आत्मा योजना बेहद ही लाभदायक है। योजना के माध्यम से अब तक देश के करीब 20 लाख प्रशिक्षण ले चुके हैं। यदि आप भी आत्मा योजना का लाभ लेना चाहते हैं तो अपने नजदीकी कृषि विज्ञान केंद्र पर जाकर संपर्क करें।

| योजना का नाम | आत्मा योजना (ATMA Scheme) |
|---|---|
| पूरा नाम | ATMA Scheme Full-Form- **Agriculture Technology Management Agency** |
| शुरुआत | वर्ष 2005-06 |
| लाभ | छोटे किसानों को तकनीकी खेती की जानकारी देना |
| लाभार्थी | देश के किसान |
| अधिकारिक वेबसाइट | जानकारी उपलब्ध |

आत्मा स्कीम के तहत कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा समय–समय पर किसानों के खेतों पर ही वैज्ञानिक खेती की ट्रेनिंग दी जाती है. अभी तक देश के लाखों किसान आत्मा स्कीम के तहत ट्रेनिंग लेकर अच्छा पैसा कमा रहे हैं। इसमें पारंपरिक फसलों के अलावा दलहन, तिलहन, बागवानी और अनाज की उत्पादकता को बढ़ाने के साथ मशरूम सुगंधित पौधे, नारियल, काजू और बांस की खेती की जानकारी दी जाती है।

ये इसलिए भी जरूरी है कि क्योंकि हमारे देश में खेती के लिए उपजाऊ जमीन तो है, लेकिन किसान मेहनत के मुताबिक उत्पादन नहीं ले पाते. सिर्फ पारंपरिक खेती तक सीमित रहने से यह काम मुमकिन नहीं है। इसलिए आधुनिक खेती और नई तकनीकों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।